**SET A**

# INDIAN SCHOOL MUSCAT
## MIDDLE SECTION
## ANNUAL EXAMINATION 2019-2020

## MARKING SCHEME

Code: MXHN306

CLASS: VI ___ **HINDI (THIRD LANGUAGE)** Time Allotted: 2 Hrs.

11.03.2020 Max. Marks: 80

**Marks**

**प्रश्न**

**प्रश्न 1 किसने किससे कहा।** **½x4=2**

**(क)** "शायद किसी व्यापारी ने घाटी में मांस के टुकड़े फ़ेंके होंगे, ताकि कुछ हीरे उसमें चिपक जाएँ।"
**सिंदबाद ने अपने-आप से कहा**

**(ख)** "सर, मैं घर जा सकता हूँ ?" **दीपू ने मुख्याध्यापक से कहा**

**प्रश्न 2 निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर पाठ के आधार पर सही ✓ या गलत X का चिह्न लगाइए।** **1x3=3**

(क) सिंदबाद ने उन व्यापारियों को शेर और चूहे की कहानी सुनाई। **गलत**

(ख) पापा चाय पीते हुए अखबार पढ़ते हैं। **सही**

(ग) दीपू बार-बार हाथ में बँधी घड़ी देख रहा था। **गलत**

**प्रश्न 3 निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर पाठ के आधार पर सही उत्तर चुनकर लिखिए।** **1x3=3**

(क) सिदंबाद पेड़ से उतरकर कहाँ जा पहुँचा?

(i) घाटी के पास **(ii) गुंबद के पास** (iii) टापू के पास (iv) पहाड़ के पास

(ख) दादी को अखबार पढ़कर कौन सुनाता है?

**(i) पोती** (ii) पोता (iii) दादाजी (iv) पिताजी

(ग) निम्मो क्या लेकर आई?

(i) खाट (ii) खीर का कटोरा (iii) पानी का गिलास **(iv) चाय और बिस्कुट**

**प्रश्न 4 निम्नलिखित वाक्यों में पाठ के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।** **1x4=4**

(क) अपने देश और ___**बाहर**_____ का हाल बता जाता अखबार।

(ख) सिंदबाद एक बहुत ही ___**साहसी**____ और ____**मेहनती**____ आदमी था

(घ) सारे बच्चे ____**ऊधम**____ मचाने लगे।

**प्रश्न 5 निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए।** **स्वविवेकानुसार** **1x4=4**

(क) घोषणा (ख) फल (ग) अफ़सर (घ) कहानी

**प्रश्न 6 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ हिंदी में लिखिए ।** **1x8=8**

(क) ऐनक **चश्मा** (ख) बासी **पुराना** (ग) द्वार **दरवाज़ा** (घ) दुनिया **संसार / जगत**

(ङ) कथा **कहानी** (च) संग **साथ** (छ) भोर **सुबह** (ज) ढेरों **बहुत सारी**

**प्रश्न 7 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए। स्वविवेकानुसार** **2x5=10**

(क) किस तरह का अखबार सबको अच्छा लगता है?

(ख) रॉक पक्षी सिंदबाद को कहाँ ले गया?

(ग) निम्मो पढ़ाई में कैसी थी?

(घ) छुट्टी के दिन अखबार में क्या-क्या आता है?

(ङ) सिंदबाद कहाँ रहता था?

**प्रश्न 8 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए। (only 2)** **3x2=6**

(क) 'सिंदबाद' पाठ से आपको क्या सीख मिलती है? **स्वविवेकानुसार**

(ख) दीपू ने वजीफ़ा मिलने का श्रेय किसे दिया और क्यों?

(ग) हम किन साधनों से सूचना प्राप्त कर सकते हैं? हिंदी के दो प्रमुख समाचारपत्रों के नाम लिखिए।

**प्रश्न 9 निम्नलिखित सर्वनाम शब्दों से अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए। स्वविवेकानुसार** **1x2=2**

(क) उसका (ख) क्या

**प्रश्न 10**

**(क) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए** **1x2=2**

(i) दरवाज़ा **दरवाज़े** (ii) लड़की **लड़कियाँ**

**(ख) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य फिर से लिखिए ।** **1x2=2**

(i) मेरी <u>पुस्तक</u> मेज़ पर रखी है। मेरी **पुस्तकें** मेज़ पर रखी **हैं**।

(ii) उसकी <u>माला</u> टूट गई। उसकी **मालाएँ** टूट **गईं** ।

**प्रश्न 11**

**(क) निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया शब्दों को रेखांकित कीजिए।** **1x2=2**

(i) पिताजी कार से दफ़्तर <u>**जाएँगे**</u>।

(ii) बच्चा बोतल से दूध <u>**पी रहा है**</u>।

**(ख) निम्नलिखित वाक्यों में खाली स्थानों की पूर्ति उचित क्रिया शब्दों से कीजिए।** **1x3=3**

(i) खरगोश (rabbit) गाजर ___**खाता है / खा रहा है / खाता था / खा रहा था / खाएगा** ___।

(ii) हरीश नई कमीज ___**पहनता है / खरीद रहा है / खरीदता था / पहन रहा था / पहनेगा** ___ ।

(iii) सोनी ने मंच पर गीत (song) **___गाया_/_सुनाया_____** ।

**प्रश्न 12**

**(क) निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्दों को पहचानकर लिखिए।** **1x2=2**

(i) मेरी माँ के पास **बनारसी** साड़ी है।

(ii) सोहन ने दुकान से **कई** किताबें खरीदीं।

**(ख) निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित विशेषण शब्दों से कीजिए।** **1x3=3**

(i) वह लड़का ___**समझदार / ईमानदार / चालाक / होशियार / बुद्धू** ___ है।

(ii) बगीचे में ___**रंग-बिरंगी / सुंदर / कई / बड़ी / छोटी** ___ तितलियाँ उड़ रही हैं।

(iii) पिताजी बाज़ार से ___**ताज़ा / चार लीटर** ___ दूध लाए।

**प्रश्न 13**

**(क) निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए।** **1x3=3**

(i) ककशा **कक्षा** (ii) बिमार **बीमार** (iii) कवीयत्री **कवयित्री**

**(ख) निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।** **1x2=2**

(i) मैं किताब पढ़ता है। **मैं किताब पढ़ता हूँ।**

(ii) इस नमक में सब्ज़ी डालो। **इस सब्ज़ी में नमक डालो।**

**प्रश्न 14**

(क) **निम्नलिखित हिंदी वाक्यों का अंग्रेजी भाषा में अनुवाद कीजिए।** **1x2=2**

(i) वह एक कविता लिखेगा। He will write a poem.

(ii) हम अपने चाचाजी के घर जाएँगे। We will go to our uncle's house.

(ख) **निम्नलिखित अंग्रेजी वाक्यों का हिंदी भाषा में अनुवाद कीजिए।** **1x2=2**

(i) She will take care of her father. **वह अपने पिताजी की देख-भाल करेगी।**

(ii) Nita will read a book. **नीता किताब पढ़ेगी।**

**प्रश्न 15 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

ढोलू और मोलू दो भाई थे। दोनों खूब खेलते, पढ़ते और कभी-कभी खूब लड़ाई भी करते। एक दिन दोनों अपने घर के पीछे खेल रहे थे। वहाँ एक कमरे में बिल्ली के तीन छोटे-छोटे बच्चे थे। बच्चों की माँ बिल्ली कहीं बाहर गई हुई थी। वे तीनों कमरे में अकेले (alone) थे। उन्हें भूख लगी थी इसलिए वे ज़ोर-ज़ोर से रो रहे थे। दोनों भाइयों ने बिल्ली के बच्चों की आवाज़ सुनी तो वे अपने दादाजी को बुलाकर लाए। दादाजी ने बिल्ली के बच्चों को खाना खिलाया तथा एक कटोरी में दूध भी पिलाया तो बिल्ली के बच्चों की भूख (hunger) शांत हो गई। अब वे तीनों आपस में खेलने लगे। यह देखकर ढोलू-मोलू बोले- बिल्ली के बच्चे बच गए। फिर दादाजी ने उन्हें शाबाशी दी।

**प्रश्न**

**(क)** बिल्ली के कितने बच्चे थे ? **बिल्ली के तीन छोटे-छोटे बच्चे थे।** **1**

**(ख)** बिल्ली के बच्चों की भूख कैसे शांत हुई ? **दादाजी ने बिल्ली के बच्चों को खाना खिलाया तथा एक कटोरी में दूध भी पिलाया तो बिल्ली के बच्चों की भूख शांत हो गई।** **1**

**(ग)** दोनों भाइयों ने बिल्ली के बच्चों की आवाज़ सुनकर क्या किया ? **दोनों भाइयों ने बिल्ली के बच्चों की आवाज़ सुनकर अपने दादाजी को बुलाया।** **1**

**(घ)** दोनों भाइयों के नाम क्या थे ? **दोनों भाइयों के नाम ढोलू और मोलू थे।** **1**

**(ङ)** दिए गए शब्दों के पुल्लिंग (masculine) शब्द उपर्युक्त गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखिए। **½x2=1**

(i) दादीजी **दादाजी** (ii) बहन **भाई**

**प्रश्न 16 निम्नलिखित विषयों में से किसी भी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में निबंध लिखिए।** **10**

**(क)** राजधानी दिल्ली **(ख)** मेरा परिवार **(ग)** पेड़ों का महत्व **(घ)** मेरी पाठशाला